__/__/____

Tender Heart School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-                                   Class- IV
Subject- Hindi Language                 Page- 1
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

## मुहावरे

सुप्रभात प्यारे बच्चो।

यह पाठ 'मुहावरे' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 11 नवंबर, 2021 को भेजा जाएगा।

बच्चो! आज हम इस पाठ में 'मुहावरे' पढ़ेंगे। सभी बच्चे इस पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे।

बच्चो! मुहावरे वाक्य का ऐसा अंश होते हैं, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करता है, उसे हम मुहावरा कहते हैं।

मुहावरे का वाक्य में विशेष अर्थ होता; जैसे - 'हवा से बातें करना' एक मुहावरा है, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'हवा से बातचीत करना' किन्तु इसका वास्तविक अर्थ है 'बहुत तेज़ दौड़ना।'

मुहावरे अपने विशेष अर्थ के कारण भाषा को प्रभावशाली बनाते हैं।

इस प्रकार बच्चो!

ऐसे वाक्यांश जो विशेष अर्थ देते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।

जैसे :-

दुम दबाकर भागना मुहावरे का अर्थ है डरकर भागना।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-　　　　　　　　Class - IV
Subject - Hindi Language　　　　Page-2
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
　　　　　　　　　Ms. Suman Sharma.

ढिंढोरा पीटना – प्रचार करना
आँख लगना – नींद आ जाना
नाक में दम करना – बहुत परेशान करना
आग बबूला होना – बहुत गुस्सा करना

इस प्रकार बच्चो, मुहावरे स्वतंत्र वाक्य नहीं होते हैं। ये ऐसे वाक्यांश होते हैं, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ प्रकट करते हैं।
बच्चो! आज हम कुछ मुहावरे करेंगे, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

| | मुहावरे | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | मन मसोसकर रह जाना | मन की बात पूरी न होना |
| 2. | बाज़ी जीतना | सफलता प्राप्त करना |
| 3. | ज़मीन आसमान एक करना | बहुत प्रयत्न करना |
| 4. | जान पर खेलना | साहस का कार्य करना |
| 5. | टका-सा जवाब देना | साफ़ इन्कार करना |
| 6. | बाएँ हाथ का खेल | बहुत आसान काम |
| 7. | ढिंढोरा पीटना | प्रचार करना |

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date Class- IV

Subject - Hindi Language Page- 3

Subject Teachers- Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma.

| | | |
|---|---|---|
| 8. | जान न्योछावर करना | प्राण देना |
| 9. | छक्के छुड़ाना | बुरी तरह हराना |
| 10. | पीठ थपथपाना | शाबाशी देना |
| 11. | अंधे की लाठी | एकमात्र सहारा |
| 12. | घी के दीये जलाना | खुशियाँ मनाना |
| 13. | ईंट से ईंट बजाना | पूर्ण विनाश करना |
| 14. | वाले पड़ना | पीछे पड़ना |
| 15. | जान में जान आना | चैन आना |

गृह कार्य :-

:- बच्चो ! आप इन सभी 15 मुहावरों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर - पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner